हरियाणा सवेरा

दैनिक सवेरा टाइम्स

www.dainiksaveratimes.com

नई दिल्ली, बुधवार, 9 अगस्त 2017

विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में हिन्दू कालेज ने किया नाम रोशन

रोहतक, (सोमनाथ शर्मा) : हिन्दू कालेज के खिलाडियों ने फिनलैंड में आयोजित विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में कॉलेज का नाम रोशन करते हुए महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किए हैं। विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में मंजू बीए ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं दूसरे विद्यार्थी साजन ने 74 किलोग्राम ग्रीको रोमन में कांस्य पदक प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला साजन पहला खिलाडी है व इससे पूर्व यह उपलब्धि किसी भी भारतीय को प्राप्त नहीं हुई थी खिलाडियों की इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधान राजेश सहगल एवं प्रिंसीपल डा. अरुण जैन ने इन दोनों खिलाडियों एवं उनके शारीरिक शिक्षक वीरेंद्र बलोडा को बधाई दी।

न्यूज गैलरी

गुमशुदा बच्चे को परिजनों से मिलवाया

रोहतक (सवेरा) : चाइल्ड लाइन द्वारा जिला बाल कल्याण समिति के माध्यम से एक सप्ताह से लापता बच्चे को उसके माता पिता को सुपुर्द किया। जिला बाल कल्याण सदस्य पूजा ने बताया कि सात वर्षीय बच्चा पिछले सप्ताह से इंदिरा कालोनी साहिबाबाद जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से गुम था। यह बच्चा रेल गाडी में बैठकर रोहतक पहुंच गया था और रेलवे पुलिस को मिला। रेलवे पुलिस ने इस बच्चे को चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया। बच्चे की काउंसलिंग की गई तो बच्चे ने अपना पत्ता बताया और संस्था ने उस बच्चे को उसके परिवारवालों के हवाले कर दिया।

रिक्त सीटों के आवेदन आमंत्रित

रोहतक (सोमनाथ शर्मा): मदवि के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्ज, इंस्टीच्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमैंट तथा सैंटर फॉर बायो इंफोर्मैटिक्स में सत्र 2017-18 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त/लैप्ट ओवर सीटों पर एडमिशन के लिए फ्रैश आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शैक्षणिक शाखा ने इस बारे परिपत्र जारी कर बताया कि इन विभागों में रिक्त/लैप्टओवर सीटों पर एडमिशन के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल 6 अगस्त से 14 अगस्त तक ओपन रहेगा। कंप्यूटर जैनेरेटड एप्लीकेशन फार्म 16 अगस्त को दोपहर 2 बजे तक संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करवाने होंगे। मेरिट लिस्ट 16 अगस्त को संबंधित विभाग में डिस्प्ले की जाएगी।

मनोविज्ञान विभाग में इंडक्शन प्रोग्राम आज

रोहतक (सोमनाथ शर्मा): मदवि के मनोविज्ञान विभाग में 9 अगस्त को इंडक्शन एंड माइक्रोलैब प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रो. नवरत्न शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होगा। प्राध्यापिका प्रो. सोनिया मलिक व प्रो. शालिनी सिंह इस कार्यक्रम के समन्वयक हैं।

34 यूनिट खून हुआ एकत्रित

रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देते कुलपति डा. कालरा।

रोहतक (सुनील) : हरि ओ३म् सेवा दल द्वारा आयोजित 5 दिवसीय रक्तदान शिविर के प्रथम रक्तदान शिविर का शुभारंभ स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के कुलपति डा. ओ.पी. कालरा ने किया। उन्होंने शिविर का अवलोकन भी किया और रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साह बढ़ाया और रक्तदाताओं को सम्मानित किया। यह रक्तदान शिविर मैडीकल नई ओ.पी.डी. में लगाया गया। इस शिविर में 34 लोगों ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में संस्था के वरिष्ठ सदस्य सुन्दर कुरड़ा, देवेन्द्र शर्मा, सुधीर हुक्कू, प्रमोद कामरा, हरि ओ३म् शर्मा, भूपेन्द्र, विक्रम, सोमी, सुभाष वधवा व विजय खुराना मौजूद रहे।

सरकार 15 अगस्त को करे वर्णिका कुंडू का सम्मान : भारद्वाज

रोहतक (सोमनाथ शर्मा) : आई.ए.एस. की बेटी से छेड़छाड़ करने व उसको अगवा करने का प्रयास करने वाले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला के बेटे विकास बराला व उसके दोस्त द्वारा छेड़छाड़ करने वालो के खिलाफ मोर्चा खोलने वाली पीड़िता बहादुर बेटी वर्णिका कुंडू को सरकार 15 अगस्त को बहादूरी पुरस्कार देने की घोषणा करे तभी भाजपा को महिलाओं का हितैशी कहा जाएगा और महिलाओं का सच्चा सम्मान होगा। यह बात अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रवक्ता ललित भारद्वाज ने मंगलवार को कही। भारद्वाज ने कहा कि वर्णिका कुंडू ने अपने साथ हुई घटना को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला के बेटे विकास बराला के खिलाफ खुल कर विरोध करना एक बड़ी बात है।

विकास पर दर्ज हो छेड़छाड़ व अपहरण केस : हरीश

रोहतक (सोमनाथ शर्मा): छात्र संगठन ऑल इण्डिया डी.एस.ओ. के प्रदेश सचिव हरीश कुमार ने हरियाणा भाजपा अध्यक्ष सुभाष बराला के बेटे विकास बराला द्वारा आई.एस.एस. वीरेन्द्र कुंडू की बेटी से छेड़छाड़ व अपहरण करने की कोशिश की कड़ी निंदा की है। नेता हरीश कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार विकास व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का नारा देती है। इन नारों का असली स्वरूप चण्डीगढ़ में दिखाई दे रहा है। समाज में बेटियों पर बुरी नजर डालने वाले भूख भेड़िए भाजपा सरकार के नेताओं के घर में पल रहे है। भाजपा सरकार व चंडीगढ़ प्रशासन विकास बराला को बचाने में जी तोड़ कौशिश कर रही है। अपहरण की धारा हटा ली गई है। उन्होंने कहा कि हमारा छात्र संगठन इसकी घोर निन्दा करता है।

मेघा पाटेकर को तुरंत रिहा करे मप्र सरकार: अनूप

रोहतक (सोमनाथ शर्मा): ऑल इण्डिया किसान खेत मजदूर संगठन के उपाध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने कहा कि नर्मदा बचाओ आन्दोलन की नेत्री मेघा पाटेकर मध्य प्रदेश के 40000 परिवारों के पुनर्वास के लिए 12 दिन से अपने साथियों के साथ भूख हड़ताल पर थी। मध्य प्रदेश सरकार ने पुनर्वास पर बात करना तो दूर उल्टे हजारों पुलिस फोर्स के साथ मेघ पाटेकर व उनके साथियों पर लाठी चार्ज करके उन्हें गिरफ्तार किया। ऑल इण्डिया किसान खेत मजदूर संगठन मध्य प्रदेश सरकार की इस फासीवादी कार्रवाई की घोर निन्दा करता है। संगठन ने मांग की है कि मेघा पाटेकर व उनके साथियों को तुरंत रिहा किया जाए और 40000 परिवारों के पुनर्वास पर चर्चा की जाए।

एस.एफ.आई. ने सीटें बढ़ाने लेकर दिया धरना

सीटें बढ़ाने को लेकर धरने पर बैठी छात्राएं।

भिवानी (सवेरा) : दाखिला सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर एस.एफ.आई. के बनैर तले दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सिमरन ने की। धरने के बाद छात्रों का एक प्रतिनिधित्व जिला उपायुक्त से मिला। जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से मांग की है। हरियाणा के सभी कालेजों में 20 प्रतिशत दाखिला सीटें बढ़ाने की घोषणा तो कर दी गई लेकिन अभी तक उच्च शिक्षा विभाग ने कोई नोटिस जारी नहीं किया। जिला उपायुक्त ने आश्वासन ?देते हुए कहा है की उच्च शिक्षा विभाग से बात कर समस्या का समाधान करवाया जाएगा। इस मौके पर मोनिका, सुशीला, मौसम, कुसुम, आशा, कीर्ति, ज्योति, रश्मि, सोनम, प्रियंका, रजनी, भावना, नीलम, सोभा, निशिता, संजू उपस्थित थे।

अजीतपुरा में लगाया कानूनी जागरुकता शिविर

भिवानी (सवेरा) : जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश ए.एस. नारंग के मार्गदर्शन में प्राधिकरण द्वारा गांव अजीतपुरा में कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में पैनल के अधिवक्ताओं ने ग्रामीणों को प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली कानूनी सहायता के बारे में जागरूक किया।

मदवि शिक्षक संघ के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज

वर्तमान पदाधिकारियों का कार्यकाल 17 अगस्त को हो रहा है पूरा

चुनाव की तिथियों की जल्दी हो सकती है घोषणा

रोहतक, 8 अगस्त (सोमनाथ शर्मा) : मदवि शिक्षक संघ के चुनाव को लेकर अभी से सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वर्तमान पदाधिकारियों व कार्यसमिति का कार्यकाल 17 अगस्त को पूरा होने वाला है। संघ के प्रधान डा. विकास सिवाच का कहना है कि जल्दी ही कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर उसमें एक साल का हिसाब किताब पेश किया जाएगा और चुनाव अधिकारी की घोषणा कर दी जाएगी। मदवि शिक्षक संघ (मडूटा) के करीब 400 सदस्य चुनाव में पदाधिकारियों व कार्यकारिणी के सदस्यों के भाग्य का फैसला करेंगे। हालांकि अभी चुनावी प्रक्रिया जारी नहीं हुई है फिर भी अभी से चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। संभावित उम्मीदवारों ने अभी से मतदाताओं से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। प्रधान पद व अन्य पदाधिकारियों का चयन करने के लिए वर्तमान प्रधान डा. विकास सिवाच व पूर्व प्रधान डा.अश्विनी धींगड़ा गुटों की बैठकों का दौरा जारी है।

डा.सिवाच का कहना है कि 17 अगस्त से पहले मडूटा की कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर उसमें सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी की घोषणा कर दी

जाएगी। उसके बाद चुनाव अधिकारी चुनाव प्रक्रिया की घोषणा करेंगे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में शुद्धियों के लिए सदस्यों को 10 दिन का समय दिया जाएगा। सदस्यता सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद नामांकण प्रक्रिया शुरू होगी और उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के लिए दस दिन का समय दिया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार चुनाव में वर्तमान प्रधान डा.विकास सिवाच लगातार दूसरी बार मैदान में उतर सकते हैं। पिछले चुनाव में डा. सिवाच से मात्र 27 मतों से हारे डा. अश्विनी धींगड़ा भी इस बार चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। राजनीति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डा.रणबीर गुलिया भी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में जुटे हैं। उपरोक्त तीनों संभावित प्रधान पद के उम्मीदवार मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं। जब डा.सिवाच से दूसरी बार प्रधान पद के चुनाव में उतरने बारे पूछा गया तो उनका कहना था कि चुनाव प्रक्रिया की घोषणा होने के बाद ग्रुप की बैठक बुलाई जाएगी, अगर ग्रुप ने उन्हें दोबारा अध्यक्ष पद पर चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया तो वे अवश्य चुनाव लड़ेंगे। इसी प्रकार डा.अश्विनी धींगड़ा का कहना है कि जल्दी ही गुट की बैठक बुलाई जाएगी, अगर गुट के सदस्यों ने उन्हें मौका दिया तो वे चुनाव मैदान में उतरेंगे।

CANADA कैनेडा

फ्रुट पैकर वर्कर की जरूरत 2-3 साल का वर्क वीजा 18 महीने बाद PR की गारंटी, PR के 6 महीने बाद परिवार के सदस्यों को बुला सकते हैं। लड़के-लडकियां व जोड़े सलाह के लिए मिलें:-

KING CONSULTANCY

ISO+ License Approved

8264495464

8264495463

Pakhowal Road,opp Nehru Sidhant Kendar,Ldh.

दंपति कार्यशाला करवाई

भिवानी, 9 अगस्त (सवेरा): आचार्य श्री महाश्रमणजी की सुशिष्या साध्वी शुभप्रभा के सानिध्य में दंपति कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय था एक दूजे के लिए। साध्वीश्री ने कहा कि भारतीय समाज व्यवस्था में परिवार का मुख्य स्थान है। परिवार की रीढ़ है पति-पत्नी। शादी के समय दोनों संकल्पित होते है कि आजीवन एक दूसरे का साथ निभाएंगे।

महिला से दुष्कर्म कर बनाया अश्लील वीडियो, ब्लैकमेल किया

महिला ने जहर निगलकर दी जान

आरोपी ने साथियों के साथ किया था सामुहित बलात्कार, मामला दर्ज

मौके से मिला सुसाइड नोट, कार्रवाई शुरू

भिवानी, 8 अगस्त (सवेरा) : बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ मुहिम के बावजूद बेटियों पर होने वाले अत्याचार कम होने का नाम नहीं ले रहे। ताजा मामला भिवानी की नेहरू कॉलोनी का है जहां एक शादीशुदा व्यक्ति ने अपने ड्राइवर व साथी के साथ मिलकर एक लड़की के साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बनाई। इसके बाद वह लड़की को ब्लैकमेल करने लगे जिसके डर से लड़की ने जहर निगलकर अपनी जान दे दी। फिलहाल पुलिस ने लड़की न मरने से पहले दिए बयान व मिले सुसाइड नोट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि नेहरू कॉलोनी निवासी मंजू बी.सी.ए. करने के बाद करीब 1 साल पहले लघु सचिवालय में महेश नामक व्यक्ति की टाइप की दुकान पर कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर काम करती थी। मंजू को यहां काम करते करीब 10 माह हुए थे। इसी दौरान दुकान मालिक महेश शर्मा मंजू को बहला फुसला कर घुमाने के लिए हरिद्वार ले गया। इसके बाद घर आते ही मंजू ने महेश शर्मा की दुकान पर नौकरी करना छोड़ दिया और घर पर ही रहने लगी। रविवार को मंजू ने अचानक जहर निगलकर आत्महत्या कर प्रयास किया और सोमवार रक्षाबंधन के दिन इलाज के दौरान मंजू की मौत हो गई।

बताया जाता है कि मंजू ने मरने से पहले सुसाइड नोट लिखा। परिजनों के मुताबिक इस सुसाइड नोट में मंजू ने लिखा है कि महेश शर्मा उसे घुमाने के लिए दो-तीन महीने पहले हरिद्वार लेकर गया था। यहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म में महेश शर्मा का साथी दीपू व उसका ड्राइवर भी शामिल था। इस दौरान उन्होंने उसकी वीडियो भी बना ली। जब वो वापस भिवानी आए तो मंजू ने नौकरी पर जाने से इंकार कर दिया। उन्होंने उस अश्लील वीडियो का डर दिखा कर ब्लैकमेल करना शुरु कर दिया। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद महेश शर्मा के माता-पिता ने मंजू का गर्भपात भी करवाना चाहा था।

मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। जांच अधिकारी एचसी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि 21 वर्षिय मंजू ने मरने से पहले सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें महेश शर्मा, उसके माता-पिता, एक साथी व उसके ड्राइवर का नाम लिखा है।

उन्होंने बताया कि मृतक मंजू के पिता प्रकाश की शिकायत पर मुख्य आरोपी महेश सहित 5 के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। उन्होंने बताया कि जांच में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

न्यूज गैलरी

एन्ट्रोप्रोनियरशिप विषय पर कार्यशाला आज

रोहतक (सोमनाथ शर्मा) : मदवि के कैमिस्ट्री विभाग द्वारा 9 अगस्त को एन्ट्रोप्रोनियरशिप विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कैमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष प्रो. एस.पी. खटकड़ ने बताया कि कुलपति प्रो. बिजेन्द्र कुमार पूनिया बतौर मुख्यातिथि इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे।

रोहतक से उखाड़ फैंकेंगे भाजपा को : ग्रेवाल

रोहतक (सोमनाथ शर्मा): जिला कांग्रेस सेवादल के प्रधान मोनू शर्मा के निवास पर कांग्रेस सेवादल पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। जिसमें रोमी ग्रेवाल को जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष का कार्यभार सौंपे जाने पर सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, युवा प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू, पूर्व विधायक बी.बी. बत्तरा, जिला रोहतक प्रभारी धीरज सिंह का आभार जताया गया। मोनू शर्मा ने कहा कि रोमी ग्रेवाल को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाने से कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। इस नियुक्ति से सांप्रदायिक व दोहरे मुखौटे वाली भाजपा को हटाने में कांग्रेस पार्टी को बड़ी मदद मिलेगी। रोमी ग्रेवाल एक जुझारू नेता हैं जो अपनी मेहनत से जिले में भाजपा को उखाड़ फैंकने का काम करेंगे। इस अवसर पर सुनीता, डा. अशोक, डा. मामराज स्वामी, मुकेश किराड़, नीटू चान्दना, बबलू किराड़, संजय सिंगला, हरीश दहिया, ढीलू, गौरव, रोहित, मुखत्यार, मनोज व पप्पी मौजूद रहे।

नरेश बने वैल्फेयर एसो. के प्रधान

रोहतक (सोमनाथ शर्मा): सैक्टर 3 की रैजीडैंट वैल्फेयर एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी भारत ईंद्र ने बताया कि एसो. के हुए चुनाव में पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न हुआ। प्रधान पद के लिए नरेश दहिया चुने गए जबकि उपप्रधान रमेश कुमार अहलावत, महासचिव आजाद सिंह मलिक,सह सचिव सतबीर फौगाट व खंजानची बलवान सिंह चुने गए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन पत्र दिए गए।

आत्ममंथन दिवस 13 को

रोहतक (सोमनाथ शर्मा): लोकोपासना न्यास भारत विभाजन की 70वीं वर्ष गांठ पर गांधी कैम्प के मातूराम सामुदायिक केंद्र में 13 अगस्त को आत्ममंथन दिवस मनाएगा। यह जानकारी न्यास के अध्यक्ष सतीश सिंघवानी ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्य वक्ता पूर्व सांसद एंव प्रख्यात पत्रकार बलबीर पुंज होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवीण नांरग करेंगे।

हरियाणा के अभिलेखागार विभाग ने प्रदर्शनी लगाई

प्रदर्शनी का उद्घाटन करते मदवि कुलपति प्रो. पुनिया।

रोहतक (सोमनाथ शर्मा) : प्रत्येक समाज एवं राष्ट्र को अपने इतिहास एवं ऐतिहासिक विरासत पर गर्व होना चाहिए। हरियाणा के अभिलेखागार विभाग द्वारा लगाई गई यह प्रदर्शनी हमारा साक्षात्कार राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास से करवाती है। यह बात महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिजेन्द्र कुमार पूनिया ने मंगलवार को विवि के टैगोर सभागार में हरियाणा अभिलेखागार विभाग द्वारा आयोजित ऐतिहासिक एवं दुर्लभ दस्तावेजों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य के स्वर्ण जयंती वर्ष में आयोजित की जा रही इस प्रदर्शनी का विशेष महत्व है। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने का आह्वान किया ताकि वे राष्ट्र के लिए जान न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन एवं योगदान से प्रेरित हो सकें। प्रो. पूनिया ने प्रदर्शनी का उद्घाटन करने उपरांत प्रदर्शनी में उपलब्ध ऐतिहासिक दस्तावेजों का अवलोकन किया। कल्याण विभाग के डीन प्रो. राजकुमार ने बताया कि यह प्रदर्शनी 10 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

दंपति कार्यशाला का आयोजन

भिवानी (सवेरा): आचार्य श्री महाश्रमणजी की सुशिष्या साध्वी शुभप्रभा के सानिध्य में दंपति कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय था एक दूजे के लिए। साध्वीश्री ने कहा कि भारतीय समाज व्यवस्था में परिवार का मुख्य स्थान है। परिवार की रीढ़ है पति-पत्नी। शादी के समय दोनों संकल्पित होते है कि आजीवन एक दूसरे का साथ निभाएंगे।

परिवहन मंत्री के कैम्प कार्यालय का रोडवेज कर्मचारी करेंगे घेराव : सहरावत

बैठक को सम्बोधित करते पदाधिकारी।

रोहतक, 8 अगस्त (सोमनाथ शर्मा): इंटक से संबंधित हरियाणा रोड़वेज वर्कज यूनियन की बैठक राज्य प्रधान अनुप सहरावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अनुप सहरावत, महाबीर मलिक व नसीब जाखड़ ने बताया कि परिवहन नीति के विरोध में 13 अगस्त को परिवहन मंत्री के कैंप कार्यालयका घेराव किया जाएगा। बैठक में रोड़वेज की सभी यूनियनों की तालमेल कमेटी द्वारा निर्धारित प्राईवेट परिवहन नीति के विरोध में परिवहन मंत्री के कैम्प कार्यालय के घेराव में सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी लगाई गई है। उन्होंने दावा किया कि इंटक यूनियन के हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार रोड़वेज के विस्तार की नीति बनाकर सार्वजनिक करें व नियमित भर्तियां करे। मुख्य संगठन सचिव जितेन्द्र लाकड़ा व उपप्रधान विजय अहलावत, सचिव विजेन्द्र जांगड़ा ने बताया कि कर्मचारी मांगों के लिए सभी डिपो कमेटी स्वतंत्र रूप से कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करवाने के मांग-पत्र दें।

बैठक में सुमेश कुन्डू, राजवीर, रामकरण हुड्डा, यश कुमार, बल्ली, संदीप दलाल, रमेश गहलावत, सूरजमल पावड़ा, बलजीत लिपिक, नरेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र मलिक, श्याम लाल, तेजवीर, सुनील व रामप्रकाश शामिल रहे।

यू.एम. मोटरसाइकल्स पहुंची हरियाणा

रोहतक,8 अगस्त (नवीन/सुनील) : अमेरिकन मोटरसाइकिल निर्माता यूएम इंटरनैशनल, एल.एल.सी. की भारतीय शाखा यू.एम. लोहिया टू-व्हीलर्स ने लोहिया ऑटो के साथ मिलकर मंगलवार को शीला बाईपास के पास अपनी डीलरशिप-यूएम रोहतक का उद्घाटन यूएम लोहिया टूव्हीलर्स के सीईओ राजीव मिश्रा ने किया। उन्होंने बताया कि यह अत्याधुनिक डीलरशिप 18 हजार वर्ग फीट में फैली है, जिसमें डिस्प्ले स्पेस और सर्विस सैंटर शामिल हैं, साथ ही यू.एम. ऐक्सैसरीज़ और ऐपेरल की पूरी रेंज भी यहां उपलब्ध है। डीलरशिप के उद्घाटन के साथ ही भारत में अब कंपनी की कुल 50 डीलरशिप हो चुकी हैं।

यू.एम. मोटरसाइकिल का डिलरशीप सौंपते कंपनी प्रबंधक।

पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं : नगराधीश

भिवानी, 8 अगस्त(सवेरा): वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग से कहीं पर अत्यधिक बारिश से बाढ़ और कहीं पर सूखा पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण पेड़ों की कमी का होना है, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है। यदि इसी प्रकार पेड़ों कमी होती रही तो आने वाला समय और भी भयावह होगा। पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। यह बात नगराधीश महेश कुमार ने मंगलवार को गांव चांग में जर्नलिस्ट क्लब भिवानी और भाजपा मीडिया विभाग द्वारा गांव चांग स्थित आइडियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संयुक्त रूप से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के बाद संबोधित करते हुए कही। इस दौरान नगराधीश बच्चों से सीधे मुखातिब हुए और पौधों की महता पर सवाल-जवाब किए। इस मौके पर भाजपा मीडिया विभाग के प्रदेश सह प्रमुख शंकर धूपड़, निगरानी समिति चेयरमैन एडवोकेट धीरज सैनी, सरपंच देवेंद्र कालड़ा व प्राचार्य अशोक मुंझाल ने भी संबोधित किया।

कॉमेडी से कमाया धन खर्च कर रहा हूं सामाजिक कार्यों में : ख्याली

कॉमेडी के जरिए देंगे जागरुकता का संदेश

रंगशाला में 11 अगस्त की सायं को होगा ख्याली का शो

रोहतक, 8 अगस्त (सोमनाथ शर्मा): कॉमेडियन ख्याली ने बताया कि हरियाणा स्वर्ण जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला में 11 अगस्त को शाम को कॉमेडी शो आयोजन किया जाएगा। मानसरोवर पार्क स्थित पंडित श्री राम रंगशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के सभी नागरिक भाग ले सकते है। वे मंगलवार को सिंचाई विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हरियाणा के गठन के 50 वर्ष पूरे होने पर सरकार द्वारा हरियाणा स्वर्ण जयंती एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इन कार्यक्रमों में कब्बडी, कुश्ती एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल है। हरियाणा प्रदेश इन कार्यक्रमों का बखूबी संचालन करके न केवल प्रदेश के लोगों को लाभ पहुंचाया बल्कि देश में नम्बर वन बनने का गौरव हासिल किया। इसी प्रकार ज्ञान व काव्य के क्षेत्र में भी प्रदेश ने पूरी दुनिया का अनुकरण किया। ख्याली ने बताया कि स्वर्ण जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला में रोहतक में आयोजित इस कॉमेडी कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, जल बचाओ, पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण को दूषित होने से बचाने वाले जागरूकता संदेश दिए जाएंगे।

पत्रकारों से बातचीत करते हास्य कलाकार ख्याली।

SHREE GANPATI EDUCATION SOCIETY

LAST CALL FOR FEW VACANT SEATS

BBA / BCA

AFFILIATED WITH

GURU GOBIND SINGH INDRAPRASTHA UNIVERSITY, NEW DELHI

DIPLOMA

Last Date To Apply - 11th August

For More Information: M.:7251000106

W.: www.sgit.ac.in

NH 24, Ahead Masuri Canal, Opp. Jindal Nagar, Ghaziabad - 201302, Delhi NCR